अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026 पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### लिंटर का झूला गिरने से पांच लोग घायल

**बिलसंडा, अमृत विचार :** मोहल्ला भारतगंज में निर्माणाधीन मकान का झूला गिरने से पांच लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसा बुधवार देर शाम हुआ। मोहल्ले के ही मोहम्मद हसन के मकान में लिंटर डालने का कार्य चल रहा था। इस दौरान बनाए गए झूले में लगी बल्ली अचानक टूट गई। जिससे लिंटर के लिए डाला गया झूला भरभराकर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से मकान मालिक मोहम्मद हसन, राशिद, मोनिस, बबुरा निवासी श्रमिक मोहित और शरीफ घायल हो गए। सूचना मिलते ही हादसास्थल पर दरोगा अनिल कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

### युवक के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम ऐमी निवासी हरीश कुमार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 मार्च की सुबह 11 बजे उसकी भाभी मनीषा, भाई ओम प्रकाश और नरेश ने उसकी पत्नी मीना देवी के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई की। जब वह बीच बचाव करने गए तो आरोपियों ने उसको भी पीटा। इसकी शिकायत पुलिस से की तो आरोपियों ने दोबारा घर में घुसकर उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसों की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम हटुआ बिजलई निवासी पिंकी देवी पत्नी मुरारी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे उसका पति मुरारी लाल को नवदिया गांव के निकट सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी थी। इससे उसके पति घायल हो गए। उनका बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक अन्य मामले में बरेली जिले के नबावगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जागीर बालाजी पुरम निवासी अनीता देवी ने थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उसके पुत्र अनुपम और ध्रुव को 23 मार्च को दोपहर ढाई बजे शाही चौकी के निकट सामने से आ रही इको के चालक ने टक्कर मार दी। इससे उसके पुत्र घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हनुमान जन्मोत्सव मनाया, बजरंग बली का किया गुणगान

## जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई जयंती, मंदिरों में उमड़ी आस्था, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ व हवन हुए, कई जगह दरबार व भंडारे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव गुरुवार को जिलेभर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के माहौल में मनाया गया। मंदिरों से लेकर घरों तक जय बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे। कहीं सुंदरकांड, रामायण पाठ तो कहीं हवन-पूजन और भजन संध्या का आयोजन किया गया। शहर ही नहीं, ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जगह-जगह दरबार सजाकर भक्ति रस की धारा बहाई गई।

शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दिनभर कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। सुबह चार बजे भक्तों ने बाबा को चोला चढ़ाया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ, पूजन चलता रहा और दूसरी तरफ भंडारे का प्रसाद बांटा जाता रहा। बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। इसके अलावा पाकड़नाथ हनुमान मंदिर, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, श्री बालाजी नींव करौली धाम मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। भक्तों ने हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ कर बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। चावला चौराहा स्थित पाकड़नाथ हनुमान मंदिर में प्रातःकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। वहीं, काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री बालाजी नींव करौली धाम मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां महंत विशाल सेवक के सानिध्य में भजन-कीर्तन हुए और बाबा के जन्मोत्सव पर केक काटकर प्रसाद वितरण किया गया। गांधी स्टेडियम रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद हवन पूजन हुआ। फिर बाबा का भंडारा चला। जहां राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम होते ही जय श्रीराम के जयघोष के बीच भंडारे की शुरुआत हुई, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा लाल रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी दिनभर पूजा-अर्चना और भक्ति कार्यक्रम चलते रहे। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य दरबार भी सजाए गए, जहां भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आए। वहीं, कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। लाल रोड, नखासा, यशवंतरी देवी मंदिर रोड, गांधी स्टेडियम रोड, काशीराम कॉलोनी, गौरीशंकर मंदिर और छतरी चौराहा समेत कई मार्गों पर प्रसाद वितरण किया गया। कहीं हलवा-पूड़ी तो कहीं खस्ता कचौड़ी का प्रसाद बांटा गया। गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर प्याऊ भी लगाए गए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी हवन-पूजन कर हनुमान जयंती मनाई। बाजारों में खोये से बने केक की विशेष मांग देखने को मिली। देर शाम तक पूरे जिले में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा और जय बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे।



श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में बाबा को लगाया छप्पन भोग।



श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर आयोजित सुंदरकांड पाठ में शामिल श्रद्धालु।



बरखेड़ा में निकाली जाती शोभायात्रा। ● अमृत विचार



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

### बरखेड़ा में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में एक बरात घर में गुरुवार को राम उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कई जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल भी पहुंचे। इसके अलावा धार्मिक स्थलों पर भी आयोजन किए गए। इस मौके पर परविंदर सिंह, अमन भोजवाल, सनी गोपाल, प्रदीप सक्सेना, शिवम गंगवार, नंदकिशोर गंगवार, नीरज भोजवाल, खुशबू मिश्रा आदि मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### बिलसंडा में कई जगह हुए भंडारे, भक्तों ने बढ़चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया

**बिलसंडा, अमृत विचार :** तिकुनिया पार्क पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पुलिस भी इसमें सहयोगी बनी। भक्तों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, एसआई अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, आरक्षी असलम मियां, आरक्षी सविता, विशु राणा, अमन गुप्ता, रजत सागर, सुधांशु पाराशर, बाबूराम कश्यप, दिनेश आदि सेवा कार्य में जुटे रहे।

# शिक्षक स्कूल तक नहीं रहें सीमित, गांव मजरा जाकर अभिभावकों को करें प्रेरित

- स्कूल चलो अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम, डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** क्षेत्र के हर्रायपुर कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को स्कूल चलो अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह रहे। विद्यालय पहुंचने पर अतिथियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, एसडीएम मयंक गोस्वामी, बीएसए रोशनी सिंह, बीडीओ दिनेश सिंह, खंड शिक्षाधिकारी उमेन्द्र दत्त त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। डीएम ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उन्हें पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

डीएम ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र में मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे केवल विद्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि गांवों और मजरों में जाकर अभिभावकों से संपर्क कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। संचालन प्रवीण कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक सौरभ गुप्ता ने आभार जताया।



किताबों के साथ बच्चे और मौजूद डीएम, बीएसए व अन्य। ● अमृत विचार

### सेवानिवृत्त चिकित्सा कर्मचारी को दी विदाई

**बिलसंडा, अमृत विचार:** सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा कर्मी शिवकुमार पांडे सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर साथी कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। उन्हें फूलमाला पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. छत्रपाल सिंह, फार्मासिस्ट भूपेंद्र सिंह, डॉ. शरीफ, चित्र कुमार, डॉ. दानियाल अहद, महेश चंद्र पांडेय, सतीश चंद्र पांडेय, सोमवीर, सूरज आदि मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त कर्मी को विदाई देता स्टाफ।

# बीसलपुर में निकाली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर में हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा मनमोहक झांकी और बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। कई जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। कोतवाली के समीप स्थित बालाजी महाराज मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पर आकर शोभायात्रा संपन्न हुई।
युवक द्वारा मुंह से आग उगलने का करतब देखने को भीड़ उमड़ी। महंत धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सागर गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, सत्येंद्र गंगवार, रामजी गुप्ता, राजेंद्र सक्सेना आदि ने बजरंग बली का पूजन किया। जिपं सदस्य के प्रतिनिधि नितिन पाठक ने शोभायात्रा का पूजन कर शुरुआत कराई। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत सदस्य रेनू राज, आयुष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा नगर के जानकी रतन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर में हवन पूजन व बालाजी का दरबार सजाया गया। हवन, पूजन महंत लखन रतन मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अमित सक्सेना , अमन जायसवाल निक्की , प्रांजल मिश्र, ऋतिक दीक्षित, पंकज अग्रवाल , मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में करतब दिखाता कलाकार।

### कार्यकर्ताओं को पढ़ाया संगठित रहने का पाठ

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर में प्रथम बार आगमन पर जिलाध्यक्ष भाजपा गोकुल प्रसाद मौर्य का गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने कई जगह स्वागत किया गया। फूल माला पहनाई गई। राष्ट्रीय हनुमान दल की टीम ने श्रीपंचमुखी हनुमान का चित्र भेंट किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने ब्लॉक स्थित अटल सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ की। जिसमें सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं के बारे बताया। कार्यकर्ताओं को संगठित रहकर पार्टी के प्रति सजगता और ईमानदारी के साथ कार्य करने का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, चेयरमैन डीके गुप्ता, रेनू राज, डॉ. हिमांशु सक्सेना, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, विक्रम नरेश जायसवाल, सुमित गुप्ता, सौरभ जायसवाल, संजीव मौर्य, वैभव सक्सेना, मुकेश सक्सेना, श्याम मिश्रा, विक्रम गंगवार, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अभिभावकों के शोषण का उठाया मुद्दा

- कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में डीएम को सौंपा ज्ञापन
- बोले- निजी स्कूल कर रहे शोषण प्रशासन बताए क्या की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूलों में पूर्व की भांति शुरू हुई मनमानी और अभिभावकों के शोषण का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं ने विरोध की शुरुआत की है। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो की अगुवाई में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समस्या का समाधान न होन पर 25 अप्रैल से आंदोलन करने चेतावनी भी दी गई।

भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम से मुलाकात कर अपनी बात को खुलकर रखा और मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में निजी स्कूलों, जिनमें कक्षा एक से 12 तक के के विद्यार्थियों से किताब, कॉपी, एडमिशन फीस, बिल्डिंग फीस, स्कूल ड्रेस और मनमर्जी से स्कूल की ट्यूशन फीस वसूल की जा रही है। इसके लिए बीते साल ज्ञापन दिया गया था, मगर डीआईओएस कार्यालय में बैठे रहे। कोई संतोषजनक जवाब या कार्रवाई स्कूलों के खिलाफ नहीं की गई। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों के स्तर से भी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया जाता रहा। इस बार भी इसी तरह से खेल शुरू हो चुका है और कार्रवाई भी पूर्व की तरह ठप है। ये भी कहा कि संगठन के द्वारा दिए जाने वाले किसी भी ज्ञापन का जवाब आज तक नहीं दिया। समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। जोगा सिंह, बलराम सिंह, जगविंदर सिंह, सोहन सिंह, सुखदेव सिंह, कांताप्रसाद, जुनैद खान, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### गेहूं खरीद को लेकर भी रखी बात

भाकियू चढ़नी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में गेहूं खरीद को लेकर भी अपनी बात रखी है। कहा कि जिले में जो क्रय केन्द्र खुले हैं, उन पर अभी तक तौल चालू नहीं की गई है। क्रय केंद्रों पर किसानों को वारदाना की व्यवस्था या बिजली की समस्या बताकर तौल रोक रखी है। ऐसे में तौल को तत्काल चालू कराया जाए। आग्रह किया कि वर्ष 2025 में दिए ज्ञापन पर की गई कार्रवाई और इस वर्तमान में 2026-27 सत्र के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इसकी जानकारी 24 अप्रैल तक नहीं दी गई तो 25 अप्रैल से आंदोलन किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वीरांगनां, कवयित्रि, स्वतंत्रता सेनानी, उद्यमी एवं अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के जीवन चरित्र पर आधारित व्याख्यान किया गया। आरएचए मशरूम कलर एवं टिश्यू कल्चर ट्रेनिंग की हेड बरखा रानी का उल्लेख करते हुए उनके अनुभवों एवं उपलब्धियों से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई।

छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। संचालन प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार और मार्गदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. बरखा ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### शैक्षिक भ्रमण पर बनारस गए छात्र-छात्राएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** चौधरी निहाल सिंह कृषि (पीजी) कॉलेज से बीएससी (ऑनर्स) कृषि सप्तम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण बनारस भेजा गया। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान बनारस में गए छात्र छात्राओं ने विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल की। कृषि विभागाध्यक्ष कुलदीप कुमार, सहयोगी डॉ. मनोज पालीवाल, रमेश गंगवार, अनुराग शर्मा भी गए। प्रबंधक एवं सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह, प्राचार्य डॉ .एसपी सिंह ने इसे रवाना किया था। विद्यार्थियों में शैक्षिक भ्रमण को लेकर उत्साह दिखा।

### कार्यक्रम में मुकाम के पीछे महिलाओं के संघर्ष को किया साझा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** डिवाइन कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं के जीवन चरित्र पर आधारित एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों एवं योगदान को उजागर करना और युवाओं, विशेषकर छात्राओं को प्रेरित करना रहा। प्रवक्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देवे वाली महिलाओं के जीवन संघर्ष, उनकी उपलब्धियों व समाज पर उनके सकारात्मक प्रभाव को विस्तार से प्रस्तुत किया। बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों के बाबजूद कई महिलाओं ने अपने आत्मविश्वास, दृढ संकल्प और परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त की है। प्राचार्य डॉ .नीरज कुमार जायसवाल ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा के महत्व और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार जताया। इस मौके पर निदेशिका चारू धवन, कॉलेज चेयरमैन आरके धवन ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बच्चों को वितरित की गईं पुस्तकें निकाली जागरूकता रैली

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय चुर्रासकतपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय में पुस्तक वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। विधायक विवेक वर्मा ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना कराया, जोकि विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसके बाद विधायक ने बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अच्छी शिक्षा पाकर ही वह एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी डॉ. हर्षित शर्मा, खेल प्रभारी मुईन अहमद खान, एआरपी प्रवीन कुमार, गेदनलाल, तुषार अरोरा, कुलदीप सिंह, भारतेंदु कुमार , प्रधानाध्यापिका मृदुला गंगवार, राजेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।





### स्कूल में हुआ पुस्तक वितरण, बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मरौरी ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के संयुक्त पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बिना शिक्षा के जीवन में तरक्की संभव नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को खेतों में ले जाने के बजाय नियमित रूप से स्कूल भेजें, तभी समाज में खुशहाली आएगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार प्रखर ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने में निरंतर प्रयासरत हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति पर बल दिया। संचालन एआरपी अमित वर्मा और भारत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक फुरकान हाशमी, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुमन, उजमा परवीन, बेबी रानी, इंदु गंगवार, राहुल सिंह, प्राथमिक विद्यालय की नीता वर्मा, नेमवती व आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमरता देवी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल प्रबंधन ने कोर्स ही नहीं ड्रेस की भी दुकान बताई

- डीआईओएस को कार्रवाई करने के लिए अभिभावकों की शिकायत का इंतजार
- जिले में संचालित हो रहे 32 निजी विद्यालय, 1 अप्रैल से शुरू हो चुका नया सत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही एक बार फिर निजी विद्यालयों में ड्रेस को लेकर मनमानी शुरू हो चुकी है। डीआईओएस पूर्व के पत्राचार का हवाला देकर अब कार्रवाई के लिए शिकायत के इंतजार में हैं। वहीं, अभिभावकों को कोर्स की तरह बच्चे की ड्रेस के लिए भी दुकान का पता बता दिया गया है। आलम ये है कि बच्चे के ड्रेस के जूते भी अभिभावक दूसरी दुकान से नहीं खरीद पा रहे हैं। मजबूरन बाजार से अधिक रकम खर्च करना पड़ रही है। वह सवाल तो उठा रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि शिकायत इसलिए नहीं कर सकते कहीं बच्चे का नुकसान न कर दिया जाए।

जिले में 30 से अधिक निजी विद्यालय संचालित हैं, जोकि सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं। कुछ कक्षा एक से आठ तक के जोकि यूपी और बेसिक से मान्यता प्राप्त हैं। नए शैक्षिक सत्र शुरु होने के बाद स्कूलों ने कोर्स के साथ-साथ ही ड्रेस को लेकर भी पुराना रवैया अपनाए हुए हैं। कई स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को कोर्स के साथ-साथ अब खुले बाजार से यूनिफॉर्म खरीदने की अनुमति देने के बजाय कुछ चुनिंदा दुकानों के नाम बताए जा रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि इन दुकानों पर एक ही तरह की ड्रेस बाजार के मुकाबले काफी महंगी कीमत पर बेची जा रही हैं। शहर के कई अभिभावकों ने बताया कि स्कूल से सीधे निर्देश दिए जाते हैं कि ड्रेस केवल निर्धारित दुकान से ही खरीदी जाए, अन्यथा बच्चे को कक्षा में बैठने या गतिविधियों में शामिल होने में दिक्कत हो सकती है। मजबूरी में अभिभावक ऊंचे दामों पर ड्रेस खरीदने को विवश हैं। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में वही कपड़ा और डिजाइन कम कीमत पर उपलब्ध है, लेकिन स्कूल की शर्तों के चलते वे विकल्प नहीं चुन पा रहे।

इससे मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है, खासकर उन अभिभावकों पर जिनके एक से अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। वहीं, कुछ स्कूल प्रबंधन का तर्क है कि एकरूपता बनाए रखने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित दुकानों से ही ड्रेस खरीदने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इस व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और कीमतों में अंतर को लेकर सवाल लगातार उठ रहे हैं। मगर जिम्मेदार इसकी जानकारी होने के बाद भी खामोश बैठे हुए हैं। अभी तक डीआईओएस की ओर से किए जा रहे चेकिंग के दावे भी हवा हवाई साबित हो रहे हैं।

अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई न खराब होने के डर से शांत बैठे हुए हैं। फिलहाल, अभिभावक इस व्यवस्था में सुधार और खुली खरीदारी की स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं, ताकि शिक्षा के नाम पर हो रही इस अतिरिक्त आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

### गोदाम से मिल रहा कक्षा नौ का कोर्स

एनसीआरटी का सिलेबस जारी होने के डर से बुक सेलर अपनी दुकानों से कक्षा 9 व 11 का कोर्स नहीं बेच रहे हैं। वह अभिभावकों को अपने गोदाम पर बुला रहे हैं। जहां उन्हें देर रात कोर्स दिए जा रहे हैं। इसके पीछे कारण यह है कि स्कूल प्रबंधन कागजों में एनसीआरटी चलाने का दबाव कर रहा है, मगर धरातल पर कमीशन के चलते निजी पब्लिकेशन की किताबें चलवा रहे हैं। बुक सेलर और स्कूल प्रबंधन के इस गाठजोड़ का असर अभिभावकों पर पड़ रहा है। जिन अभिभावकों का बच्चा कक्षा 9 या 11 में है। तो सिर्फ कोर्स की स्लिप भी उसके अभिभावकों को दे रहे हैं। इतना ही नहीं दुकानदार भी सिर्फ अभिभावकों को ही बुलाकर कोर्स मुहैया करा रहे हैं।

> अभी तक किसी भी अभिभावक ने अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो कार्रवाई की जाएगी। शासन का निर्देश है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को बाध्य नहीं कर सकता है। चेकिंग कराई जाएगी।
>
> -**राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन शक्ति टीम ने वृद्धाश्रम में की सेवा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंच कर वृद्धों की सेवा की। उन्हें फल व कोल्ड ड्रिंक वितरित की। इस दौरान मिशन शक्ति टीम प्रभारी दरोगा सत्य प्रकाश, सुभाष चंद्र पाठक, गंधरपाल सिंह, सिपाही शिवानी, वृद्धा आश्रम की मैनेजर लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रही।

### ईको की टक्कर से दंपती और पुत्र घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ईको की टक्कर से बाइक सवार दंपति और उनका पुत्र घायल हो गया। हादसा गुरुवार शाम को हुआ। ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी मोहम्मद आलम अपनी पत्नी हिना के साथ बाइक से पीलीभीत गए थे। वापस लौटते वक्त ग्राम दिवाली के पास पहुंचते ही ईको ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद आलम, हिना और डेढ़ वर्षीय पुत्र दानिश घायल हो गए। सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### महिला ने खाया जहर सीएचसी में भर्ती

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडरा सुमन की रहने वाली गायत्री देवी को तबियत बिगड़ने पर परिवार वाले सीएचसी लेकर आए। यहां चिकित्सक ने महिला के जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताते हुए भर्ती कर इलाज शुरू किया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत में सुधार हुआ। बताते हैं कि पति से हुई अनबन के बाद महिला ने घर पर रखी चूहे मारने की दवा का सेवन कर लिया था। अस्पताल प्रशासन की ओर से सूचना पुलिस को दी गई है।

### निकाली निशान यात्रा दरबार आज

**मझोला, अमृत विचार :** कस्बा स्थित हनुमान मंदिर से गुरुवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु जयश्रीराम व जय बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत एक अप्रैल को सुंदरकांड पाठ से हुई थी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गुलाल भी उड़ाया। हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मझोला मे सिख संगत के चरनजीत सिंह, गुरमुख सिंह, मंजीत सिंह, सनप्रीत सिंह सिमरदीप सिंह अंगद, वीरेंद्र सिंह, आदि ने यात्रा पर फूल बरसाए। चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह भी शामिल हुए। तीन अप्रैल को हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा और शाम को बालाजी का भव्य संकीर्तन दरबार सजाया जाएगा।

### कार में आग मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कार में एलपीजी सिलेंडर की रिफिलिंग करते वक्त लगी आग के मामले में कार्रवाई की गई। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर गजरौला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि 31 मार्च को थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम जैतपुर निवासी जियालाल पुत्र बलदेव प्रसाद के यहां रिश्तेदारी में आए थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर निवासी हरिओम ने कार में एलपीजी गैस सिलिंडर की रिफिलिंग की। इस दौरान अचानक आग लग गई। आग लगने से कार पूरी तरह से जल गई। इसके अलावा एक झोपड़ीनुमा मकान भी जल गया था। इस मामले में गजरौला पुलिस ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। पूर्ति निरीक्षक नितिन पटेल ने मौके पर जाकर जांच की। जांच के दौरान एलपीजी से रिफिलिंग होने की बात प्रकाश में आई। इस मामले में पूर्ति निरीक्षक नितिन पटेल की तहरीर पर कार चालक हरिओम के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सड़क हादसों में दंपती समेत तीन की मौत

## सदर कोतवाली क्षेत्र में कार ने युवक को कुचला, पूरनपुर में दंपती की कंटेनर की टक्कर से गई जान

**रफ्तार का कहर**

- हादसे के बाद लगा जाम, पुलिस ने घटनास्थल पर की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार तीन जिंदगियों के लिए काल बन गई। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपती की जान चली गई। वह अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। वहीं, सदर कोतवाली क्षेत्र में पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। दोनों हादसों की सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस पहुंची और जानकारी की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस कार्रवाई में जुटी है। वहीं, मृतकों के परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

कस्बा दियोरियाकलां के निवासी 40 वर्षीय प्रेम कुमार उर्फ नन्हे अपनी पत्नी 35 वर्षीय लौंगश्री के साथ पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में अपने साढ़ू बुद्धसेन के 18 वर्षीय पुत्र अजय के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इसमें शामिल होने के बाद गुरुवार शाम करीब साढ़े 4 बजे वापस घर आ रहे थे। दंपती जैसे ही वे असम हाईवे पर पिपरिया दुलई चौराहे के पास पहुंचे, तभी कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। जिंदा होने की आस में उन्हें आनन-फानन में सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, वहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस मौका मुआयना करने के साथ ही अस्पताल पहुंची और जानकारी जुटाई। कोतवाल पूरनपुर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि दंपती के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा कंटेनर से हुआ था। वाहन को ट्रेस कर लिया गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



सीएचसी पूरनपुर में मृतकों के बारे में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

इधर, दूसरा हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मकसूद नगर में बुधवार रात को हुआ। यहां के रहने वाले 19 वर्षीय समीर पुत्र मोहम्मद आलम बाहर काम करते थे। वह ईद पर घर आए थे और इसके बाद से यहीं रुके हुए थे। बुधवार रात खाना खाने के बाद पैदल टहलने निकले थे। इस बीच रात करीब 10 बजे मकान से कुछ दूरी पर ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिवार वाले व अन्य लोग जमा हो गए। आनन-फानन में घायल समीर को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की गई। इसमें पूरा हादसा कैद निकला। इसके आधार पर कार के बारे में जानकारी की जाती रही। खकरा चौकी प्रभारी सौरभ पहुंचे और फिर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने भी अस्पताल पहुंचकर जानकारी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर, हादसे के बाद जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए थे। जिसे लेकर खलबली मची रही। घायल की मौत हो चुकी थी। ऐसे में सुरक्षा गार्ड भी मुस्तैद हो गए। हालांकि किसी तरह का कोई हंगामा नहीं हुआ। सदर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि टहलने निकले युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई थी। कार को ट्रेस करने के साथ ही कब्जे में ले लिया है। आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।



कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे के बाद अस्पताल में लगी भीड़। ● अमृत विचार

### रेलकर्मी की निकली कार, पुलिस ने पकड़ा

पैदल टहलने गए समीर की जान लेने वाली कार को लेकर सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुरागरसी की गई। इसके बाद पता चला कि कार रेलवे कर्मचारी की है। कार को एक युवक मांगकर ले गया था। पुलिस ने कार को ट्रेस करने के बाद आरोपी चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उसने पूछताछ में बताया कि वह कार लेकर ग्राम सिरसा में बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए गया था। बर्थ डे पार्टी से लौटकर घर आ रहे थे।

# ढाबे पर पहुंचे दरोगा ने युवक को जड़े थप्पड़, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सुनगढ़ी थाने की असम रोड चौकी के प्रभारी थे दरोगा रविंद्र बालियान, वीडियो वायरल
- एसपी ने मामला संज्ञान में आने पर की कार्रवाई, विभागीय जांच करने के भी दिए आदेश

**अमृत विचार :** विवादों में घिरे रहने वाले असम चौकी के प्रभारी रविंद्र बलियान को एक युवक को पीटना महंगा पड़ गया। एक ढाबे पर पहुंचने के बाद मौजूद युवक को थप्पड़ जड़ने और डंडे से पीटने के आरोप में घिरने के बाद वीडियो वायरल हो गया। प्रकरण अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो जांच कराई गई। एसपी सुकीर्ति माधव ने प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर दरोगा रविंद्र बालियान को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद विभाग में खलबली मची रही।

घटना बुधवार देर रात थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कमालू के पास एक ढाबे की है। बताते हैं कि असम रोड चौकी प्रभारी रविंद्र बालियान वहां पहुंचे। उन्हें ढाबे पर शराब पिलाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे थे। ढाबे पर पहुंचने के बाद बातचीत के दौरान चौकी इंचार्ज का एक युवक से विवाद हो गया। इसी दौरान उन्होंने युवक को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए। आरोप है कि बाद में लाठी-डंडे से भी उसकी पिटाई की गई। पूरी घटना वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली। मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिस युवक को थप्पड़ जड़े गए वह रूपपुर कृपा गांव निवासी काशीराम निकला। उसने बताया कि वह आटे का सेलर चलाते हैं और पेमेंट लेने के लिए ढाबे पर गए थे। इसी दौरान दरोगा ने उन्हें बेवजह तीन थप्पड़ मारे और कुछ देर बाद वापस आकर लाठी-डंडे से भी पीटा। जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। मामला संज्ञान में आने पर खलबली मच गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी मौके पर पहुंच गए और जानकारी की। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा ने दरोगा रविंद्र बालियान को निलंबित कर दिया है। बताते हैं कि संबंधित चौकी प्रभारी पूर्व में भी विवादों में घिरे रहे हैं। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि दरोगा का मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए जांच कराई गई। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। दरोगा की विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

# सिस्टम ठप, बिल जमा करने को भटके उपभोक्ता

- तकनीकी अपग्रेडेशन के चलते 16 घंटे बंद रहेंगी ऑनलाइन सेवाएं
- सर्वर ठप होने से दफ्तरों में उमड़ी भीड़, उपभोक्ताओं में नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था पर बढ़ती निर्भरता के बीच तकनीकी खामियों ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। स्मार्ट मीटर रिचार्ज और बिजली बिल जमा करने के लिए लोग दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वहीं, सर्वर ठप होने से न केवल कामकाज प्रभावित हुआ, बल्कि उपभोक्ताओं में आक्रोश भी देखने को मिला। ऑनलाइन उपभोक्ताओं के कनेक्शन कट गए है। ऐसे में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिले में पावर कार्पोरेशन की ऑनलाइन सेवाएं बाधित होने से उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल माह के दूसरे ही दिन सर्वर ठप हो जाने से बिजली बिल जमा करने और स्मार्ट मीटर रिचार्ज का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद लोगों के ऑनलाइन कनेक्शन काटे जा रहे हैं। ऐसे में बिजली विभाग के दफ्तरों में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति यह रही कि लंबी कतारों में खड़े उपभोक्ता घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन सर्वर न चलने के कारण उनका काम नहीं हो सका। जिस वजह से लोगों के घरों की बिजल गुल हो रखी है। विडंबना यह है कि बिना बिल जमा हुए कनेक्शन चालू नहीं हो रहे हैं। ऐसे में लोगों के घरों में अंधेरा छाया हुआ है। इससे नाराजगी बढ़ गई है। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठाए। उधर, भीड़ बढ़ने के चलते कुछ कार्यालयों में अधिकारी भी नदारद दिखाई दिए, जिससे उपभोक्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद से समस्याएं कम होने के बजाय और बढ़ गई हैं। इधर, इसी बीच बिजली विभाग ने आगामी तकनीकी अपग्रेडेशन को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। अधिशासी अभियंता आशीष यादव ने बताया कि यूपीपीसीएल समेत पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और केस्को के आरएमएस बिलिंग सिस्टम में मेंटेनेंस और कॉन्फिगरेशन का कार्य किया जाना है। इस कारण तीन अप्रैल की रात से चार अप्रैल की दोपहर तक करीब 16 घंटे के लिए सभी ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। इस दौरान न तो उपभोक्ता बिजली बिल जमा कर सकेंगे और न ही स्मार्ट मीटर रिचार्ज कर पाएंगे। इसके अलावा नया कनेक्शन, भार वृद्धि, बिल जनरेशन और सुधार से संबंधित सभी सेवाएं भी प्रभावित रहेंगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह समय रहते अपने जरूरी कार्य निपटा लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।



लाइन में लगे उपभोक्ता। ● अमृत विचार

# स्मार्ट मीटर को लेकर बरखेड़ा में सौंपा ज्ञापन

- व्यापारी बोले- गड़बड़ा रहा बिल भुगतान के बाद भी बिजली गुल

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बरखेड़ा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष एमए जिलानी के आवाहन पर स्मार्ट मीटरों से उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन बीडीओ वेद प्रकाश को सौंपा।

नगर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद व्यापारियों एवं आम उपभोक्ताओं को परेशानियां हो रही हैं। पुराने डिजिटल मीटरों की तुलना में स्मार्ट मीटरों की रीडिंग तेज चल रही है। जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। इसके अलावा रिचार्ज समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति तत्काल बंद हो जाती है। सर्वर डाउन होने की स्थिति में रिचार्ज होने के बावजूद बिजली बहाल नहीं हो पाती। जिससे व्यापारियों को व आम विद्युत उपभोक्ताओं को काफी परेशानी एवं नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली स्पष्ट होने तक रिचार्ज समाप्त होने पर कम से कम एक माह की मोहलत दी जाए। साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर बदलने पर रोक लगाने और स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग भी की गई। इस मौके पर नगर महामंत्री हरीश भारती, जिला उपाध्यक्ष नदीम अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अनस, अमित गुप्ता, राजेश सक्सेना, तस्लीम सिद्दीकी, नामित सभासद लक्ष्मीकांत भोजवाल, रईस अंसारी, शान अंसारी, सद्दाम अंसारी, सकील अंसारी, इलियास क़ुरैशी, नफ़ीश अंसारी, श्रीकृष्ण आदि मौजूद रहे।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते कस्बा बरखेड़ा के व्यापारी। ● अमृत विचार

# चार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के बाद माना परिवार

- किया अंतिम संस्कार, दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल की मौत के बाद बने थे तनाव के हालात

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में हुई मारपीट के दौरान घायल की मौत के बाद उपजा तनाव और हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर रुका मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस की मुश्किल बढ़ा गया था। परिवार के विरोध के बाद टीमें दौड़ाई और चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले मान गए और अंततः शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इधर, अब पुलिस ने भी राहत महसूस की है।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोवल पतिपुरा निवासी पूर्व प्रधान स्वर्गीय राम सिंह यादव ने अपनी 10 बीघा जमीन बड़ी बेटी अनीता के नाम वसीयत कर दी थी। उनके कोई पुत्र नहीं था। इसी बात को लेकर उनके भतीजे सत्यपाल यादव, मुरारी लाल आदि अनीता देवी व उनके परिवार से रंजिश मानते थे। इसी रंजिश में 27 मार्च को बृजेश कुमार, उसके पिता ओम शंकर, रवि प्रकाश अपने नाना के दिए हुए खेत पर पानी चला रहे थे। इसी समय जमीन की रंजिश को लेकर मुनेंद्र पाल यादव समेत अन्य लोगों ने हमला कर दिया। धारदार हथियार लेकर खेत पर पहुंच गए और खेत को ट्रैक्टर से जोत कर कब्जा करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में हुए संघर्ष में रवि प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बरेली के निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई बृजेश कुमार की ओर से अनुराग यादव, नरदेव, मुनेंद्र यादव, अभिषेक व विवेक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। इस मामले में सत्यपाल यादव को भी नामजद किया था। पोस्टमार्टम होने के बाद बुधवार को यह मामला तूल पकड़ गया था। परिजनों ने गांव के मुख्यमार्ग पर मृतक का शव रख कर तीन घंटे तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। मृतक पक्ष पर दर्ज हुए मुकदमे को खारिज करने और आरोपी पक्ष के खिलाफ दर्ज मुकदमे को धारा 302 में तरमीम करने व उसमें सत्यपाल नाम बढ़ाने के आश्वासन पर परिजनशांत हो गए थे। मगर, गिरफ्तारी की मांग पर शव का अंतिम संस्कार रोक दिया था। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने भी एक दिन पूर्व मुलाकात की थी। पुलिस बल गांव में डेरा जमाए रहा। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में नामजद सत्यपाल, मुनेंद्र, नरदेव और विवेक को गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस ने परिवार को आश्वस्त किया कि अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ा जाएगा। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। एसडीएम नागेंद्र पांडे, सीओ प्रगति चौहान पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इधर, गुरुवार को भी गांव की अधिकांश गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।



मृतक के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

# अब पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर करेंगे अवैध होटल और रिसॉर्ट्स की जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन ने डिप्टी डायरेक्टर को बनाया जांच टीम का हिस्सा रसूखदारों में मचा हड़कंप
- एनजीटी ने अवैध होटल-रिर्सोटों की जांच को लेकर गठित की है संयुक्त टीम

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के ईको सेंसिटिव जोन में नियम विरुद्ध तरीके से बने होटल-रिसॉर्ट्स की जांच को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से तीन सदस्यीय संयुक्त टीम गठित की हैं। संयुक्त टीम में उत्तरप्रदेश वन विभाग की ओर से भी एक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। लिहाजा शासन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर को इस संयुक्त कमेटी में उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि संयुक्त टीम जल्द ही यहां पहुंचकर रसूखदारों के कंकरीट ढांचों की कुंडली खंगालेगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित क्षेत्र में बीते सालों में पर्यटन की आड़ में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे बड़े शहरों के रसूखदारों द्वारा बड़े पैमाने पर जो होटल-रिसॉर्ट्स बनाए गए हैं, वे सभह अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रडार पर हैं। बीते दिनों हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी की डिवीजन बेंच ने इस पर गहरा रोष व्यक्त किया था। याचिका में स्पष्ट कहा गया था कि इन अवैध होटलों और रिसॉर्ट्स के कारण न केवल हरियाली उजाड़ी जा रही है, बल्कि जंगल में इंसानी दखल बढ़ने से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। एनजीटी के चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर डॉ. ए. सेंथिल वेल की अगुवाई वाली डिवीजन बेंच ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन में हुए निर्माणों की जांच के लिए एक संयुक्त कमेटी गठित की थी। संयुक्त कमेटी को 10 सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं। इस गठित संयुक्त कमेटी में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसी) एवं उत्तर प्रदेश वन विभाग से एक-एक प्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी पीलीभीत को शामिल किया गया है। इसमें जिलाधिकारी बतौर समन्वय अधिकारी की भूमिका में रहेंगें। इधर शासन ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को इस संयुक्त कमेटी में उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया है। संभावना है कि जल्द ही संयुक्त टीम यहां पहुंचकर प्रतिबंधित क्षेत्र में बने होटल-रिसॉर्ट्स की जांच करेगी। इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि इस मामले में शासन की ओर से पत्र जारी किया गया है।

# घर सूना देख जेवर-नकदी उड़ाई, पुलिस ने दबोचे चोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** घर बंद होने की भनक लगते ही सक्रिय हुए चोरों ने जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरनपुर पुलिस ने तीन दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

घटना 27 मार्च की है। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के मोहल्ला गणेशगंज निवासी फरमूद खां अपने भांजे की शादी में दिल्ली गए हुए थे। मकान में ताला लगा हुआ था। इसी बीच चोरों ने रैकी कर सामान चोरी कर ले गए। 30 मार्च को लौटने पर उनके घर के ताले टूटे मिले और अंदर रखा जेवर व नकदी गायब थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने छानबीन करते हुए मुखबिर की सूचना पर खानकाह पुलिया से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम कैश पुत्र साजिद अली और अयाज पुत्र आजाद अहमद बताया, जोकि पूरनपुर क्षेत्र के गांव रजागंज देहात के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से एक सोने की पतली चैन, बाली, छोटी-बड़ी अंगूठियां, चांदी की पायल, जूड़ा पिन, बाल चोटी समेत 1200 रुपये नकद बरामद हुए हैं। कोतवाल पूरनपुर पवन कुमार पांडेय ने बताया दो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने पकड़ा तस्कर, भेजा जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना हजारा क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.07 ग्राम स्मैक और 590 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को ग्राम अशोक नगर सुतिया पुलिया के पास से वाहनों की चेकिंग के दौरान पकड़ा था।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुखराज सिंह उर्फ सुक्खा निवासी सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज थाना हजारा बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अन्य जनपदों से स्मैक लाकर यहां बिक्री करता है। बरामदगी के आधार पर थाना हजारा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# कर्मयोगी साधना सप्ताह के जरिये सुदृढ़ होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- साधना सप्ताह के तहत पहले दिन हुई जिलास्तरीय कार्यशाला और वेबिनार

**अमृत विचार :** पंचायतीराज विभाग की ओर से साधना सप्ताह की गुरुवार से शुरूआत हो गई। 8 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत जनपद से लेकर ब्लॉक स्तर तक विभिन्न कार्यशालाओं और वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सुशासन और पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है।

मिशन कर्मयोगी के तहत केंद्र सरकार द्वारा संचालित आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर अब अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसका उद्देश्य सरकारी अमले की कार्यक्षमता और कौशल को बेहतर बनाना है। इसके तहत 02 अप्रैल से 08 अप्रैल तक साधना सप्ताह आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर गुरुवार से साधना सप्ताह की शुरू हो गई। जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने बताया कि साधना सप्ताह के तहत गुरुवार सुबह जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत बेहतर और जन-केंद्रित शासन व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई है। इसके बाद जिलास्तरीय वेबिनार का भी आयोजन किया गया है। इसमें सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि ब्लॉकवार प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता पर 03 अप्रैल से 05 अप्रैल के बीच जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में ''कोर्सेज बाई यूजर्स'' के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें अमरिया, मरौरी, ललौरीखेड़ा, बरखेड़ा, बीसलपुर और पूरनपुर के पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों को एआई आधारित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इन सत्रों की जिम्मेदारी संबंधित एडीओ पंचायत और ब्लॉक समंवयकों को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि 06 अप्रैल को विभागीय योजनाओं के आसान क्रियान्वयन और उत्तम कार्यप्रणालियों पर वेबिनार होगा। वहीं 07 अप्रैल को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और गोबर धन प्लांट की कार्यक्षमता को लेकर ऑनलाइन ओरिएंटेशन वर्कशॉप होगी।

### एआई के कम से कम तीन कोर्स अनिवार्य

कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध एआई के अंतर्गत 16 कोर्सेज है। इसमें से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कम से कम 03 कोर्स पूरा करना अनिवार्य किया गया है, ताकि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का एआई दक्ष बैच जनरेट हो। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि इसके अलावा मार्केटिंग के 13 कोर्सेज में से कम से कम एक कोर्स कंप्लीट करना अनिवार्य किया गया है। इस कोर्स के पूरा करने पर उत्कर्ष बैच और डिजिटल सर्टिफिकेट दिया जाएगा। उक्त दोनों योजनाओं में कोर्स कंपलीशन का न्यूनतम समय कम से कम 04 घंटे या उससे अधिक का होना अनिवार्य किया गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी पिता गिरफ्तार

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना बरखेड़ा क्षेत्र की एक निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी दूसरी शादी हुई है। पहले पति से हुई सोलह वर्षीय पुत्री के साथ वह दूसरे पति के पास रहती है। पुत्री के साथ उसके दूसरे पति ने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बीते दिनों पुत्री के पेट में दर्द होने पर जब उसने अपनी पुत्री को डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद जब उसने अपनी पुत्री से जानकारी की तो उसने पिता की करतूत बताई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# हनुमान जयंती पर भक्ति में डूबा जिला, पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## बुलडोजरों पर सजी झांकियों ने मोहा मन, जयघोष से गूंजा शहर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार सुबह शहर में भव्य कीर्तनमयी पदयात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में ध्वज और निशान लिए भक्त जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान बुलडोजर पर सजाई गई आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए मार्ग भर लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

कीर्तनमयी पदयात्रा मोहल्ला संकटा देवी स्थित सुभाष पार्क से सुबह 6 बजे संपन्न हुई। इससे पहले आयोजन समिति के संरक्षक सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, विमल अग्रवाल, नरेश मित्तल, दीपक खरे, राजू अग्रवाल, रघुनाथ गोयल आदि ने हनुमानजी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद जय बजरंगबली' के जयघोष के साथ पदयात्रा ने पूरे शहर भर में भ्रमण किया, जिसमें श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पदयात्रा में नासिक से आए कलाकार ढोल नगाड़ा बजाते हुए चल रहे थे। साथ ही हनुमान भक्त भी थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। पूरे नगर में भ्रमण करने के बाद पदयात्रा ओवरब्रिज, एलआरपी चौराहा होते हुए गुलरीपुरवा स्थित बालाजी मंदिर पहुंची। जहां पूजा-अर्चना कर इस दौरान शहर से लेकर गुलरीपुरवा रामभक्ति में रंगा नजर आया। पदयात्रा में करीब 50 बुलडोजरों पर आकर्षक सजीव झांकियां पदयात्रा को और अद्भुत बना रहीं थीं। बजरंगबली के रूप में सजीव झांकियों का मंचन भी किया गया। सबसे खास आकर्षण रहे दर्जनों बुलडोजरों पर सजी भगवान हनुमान की भव्य झांकियां, जिन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन भी लागू किया गया। जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।



बुलडोजर पर सवार बजरंगबली की सजीव झांकी। ● अमृत विचार



पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

### भव्य पदयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**मूड़ा सवारान।** कस्बा पड़रिया तुला में पदयात्रा में सड़कों पर लहराते केसरिया झंडे, घंटों की ध्वनि और बजरंगबली के जयकारों के बीच भजन कीर्तन की धुन पर नाचते, थिरकते हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कीर्तनमयी विराट पदयात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। पदयात्रा कस्बा पड़रिया तुला के बालाजी मंदिर से निकलकर छह किलोमीटर दूर प्रसिद्ध देवस्थान चौसंधे बाबा मंदिर पहुंची, जहां बजरंगबली के दर्शन पूजन के साथ पदयात्रा का समापन हुआ। पदयात्रा में शामिल देवी देवताओं हनुमान जी, राम सीता, राम दरबार, हनुमान, जटायू और राधा कृष्ण की झांकियां आकर्शण का केंद्र रहीं। भीरा थाना पुलिसकर्मी पूरी तरह से भक्ति के रंग में रंगे दिखे, जिन्होंने पद यात्रियों की तरह पड़रिया तुला से चौसंधे बाबा तक पूरे छह किलोमीटर तक पैदल चलकर यात्रा पूरी की।

### कहीं भजन कीर्तन तो कहीं हनुमान चालीसा पाठ

**मोहम्मदी।** नगर के सभी मंदिरों में प्रभु बजरंगबली हनुमान जी का जन्मोत्सव वैदिक रीति से बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिरों को फूलों से सजाया गया। नगर के महंत लल्लूदास अस्तल मंदिर से प्रात: छह बजे शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में भाजपा विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अगुआई की। इस दौरान पालिका चेयरमैन सहित प्रबुद्धजन शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। वहीं मां जानकी सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिवम राठौर सहित उनकी टीम ने शोभा यात्रा का स्वागत फूलों से किया और सभी के लिया जलपान की व्यवस्था भी की गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



गोला में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली पदयात्रा में शामिल विधायक, पालिकाध्यक्ष व अन्य।

### बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठी छोटी काशी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मिल डाइवर्जन रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से शुक्रवार सुबह निकली वीर हनुमान पदयात्रा में नगर से लेकर कंजा बाबा देवस्थान तक, भक्त केसरिया ध्वज के साथ जयकारे लगाते हुए निकले। पदयात्रा में विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, विपिन मिश्रा, आराध्या बाजपेई, रागिनी शुक्ला, भूमिका प्रजापति, मुस्कान अवस्थी, धार्वी बाजपेई, मुनेन्द्र शुक्ल, शिवकुमार बाजपेई पिंटू, चन्द्रशेखर अवस्थी, सुनील कुमार बाजपेई, समाधान दीक्षित, शुभम अग्निहोत्री, पंकज मिश्रा, संदीप अवस्थी, दीपक मिश्रा, दिनेश तिवारी, सुभाष मिश्रा, मनुज बाजपेई, सचिन सिंह, मनोज मिश्रा, डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. सौरभ दीक्षित, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



धौरहरा कस्बे में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकली श्री हनुमत शोभायात्रा श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**धौरहरा।** कस्बे में भव्य हनुमत शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री राम नवमी मंदिर से हुआ, जो कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होती हुई श्रीराम वाटिका धाम हनुमान मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान आकर्षक और मनमोहक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा को लेकर कस्बे में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। देवाशीष त्रिवेदी, सुरेन्द्र दीक्षित, डाक्टर मुकेश गुप्ता, रमेश रस्तोगी, भगवती प्रसाद शुक्ला, आनंद शुक्ला ,विपिन पान्डेय, आदि मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार :** जंगबहादुरगंज में श्याम परिवार ने श्रीहनुमान जी के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली। इस दौरान जय जय श्री राम, बालाजी महाराज की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

पुलिस सुरक्षा के साथ यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। हनुमान मंदिर से शुरू होकर शोभायात्रा कस्बे में भ्रमण करने के बाद मंदिर पर पहुंची। यहां पंडित रोहित मिश्रा व उनकी टीम ने संगीतमयी सुंदरकांड पाठ किया। इसके बाद भजन गायक श्याम दीवाना सचित सक्सेना व विकास शर्मा ने भजन संध्या में श्रीराम, बालाजी, भगवती, राधेकृष्ण व खाटू श्याम का गुणगान किया।



हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पलिया में पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ

**पलिया कलां।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में शुरू हुए पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथम दिवस नगर की पुरानी बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मठिया में पुजारी मयंक महाराज द्वारा अनेक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में केक काटकर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद आकर्षक विद्युत झालरों से जगमग नगर की प्रमुख सड़कों पर विभिन्न झांकियों वाली मनोहर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान मठिया सेवा समिति के मानवेन्द्र बाजपेई, मनीष गुप्ता, अर्जुन वर्मा, घनश्याम गुप्ता, अमित महाजन, सुधीर गुप्ता, पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा आदि मौजूद रहे। झंडी। हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### शरद बने कंजा बाबा देवस्थान आश्रम कमेटी के प्रबंधक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान आश्रम की प्रबंध समिति में शरद गुप्ता सोनू को प्रबंधक मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कमेटी के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि उनके दिशा निर्देशन में आश्रम की व्यवस्थाएं पहले से अधिक सुदृढ़ होंगी व धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रवीन गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### धीरज बने वाणिज्य कर अधिकारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी प्रगतिशील किसान अनिल वर्मा के पुत्र एवं पटेल संस्थान के पूर्व अध्यक्ष संजील वर्मा के भतीजे धीरज वर्मा ने पीसीएस परीक्षा में सफलता पाकर क्षेत्र परिवार और समाज का मान बढ़ाया है। उनका चयन वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर हुआ है। यह सफलता उन्होंने पहले राउंड में ही पाई है।

### सास-ससुर पर बेटे- बहू से मारपीट का आरोप

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव भूलनपुर निवासी रागिनी पत्नी अनिरुद्ध के अनुसार सुबह करीब 8 :30 बजे उसकी सास सुशीला और ससुर अवधेश ने उसके पति अनिरुद्ध को गालियां देते हुए लात-घूसों से मारपीट की। जब उसने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोप है कि उसे भी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट में अनिरुद्ध को चोटें आई हैं। पुलिस ने रागिनी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच बेहजम चौकी इंचार्ज संदीप कुमार यादव को सौंपी है।

### गोला में होगी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं जिला सेपक टाकरा संघ के सचिव पूर्व आईटीबीपी तान सिंह ने बताया कि 21वीं उत्तर प्रदेश सीनियर (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप का आयोजन इस बार गोला गोकर्णनाथ में होना संभावित है।

### मेड़ विवाद में युवक समेत तीन को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया के गांव गुलरहिया निवासी अनीश ने बताया कि उसके घर के सामने ताबिस, आरिफ, फैयम और दिलसाज का खेत है। आरोप है कि विपक्षियों ने उसकी जमीन में मेड़ बढ़ाकर कब्जा करने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में अनीश घायल हो गया। उसे बचाने आई उसकी मां तरन्नू और भाभी सहनाज निशा को भी पीटा गया, जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोर रंगेहाथ दबोचे, पिटाई कर पुलिस के किया हवाले

संवाददाता, सिंगाही

● ताला तोड़ने की कर रहे थे कोशिश, आहट पर जागे परिजन

**अमृत विचार:** कस्बे के छावनी वार्ड में घर में घुसे दो युवक ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करने लगे। आहट पर जागे परिजनों ने मोहल्ले वालों की मदद से दोनों को रंगेहाथ दबोच लिया। बाद में उनकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।

छावनी वार्ड नंबर 10 निवासी प्रकाश बहादुर सिंह ने बताया कि बुधवार की रात दो व्यक्ति पीछे के रास्ते से ताला तोड़कर घर में घुस गए। घर में आहट होने पर प्रकाश बहादुर सिंह की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को चोरी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम ताज मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद और दूसरे ने मोहम्मद शाबान पुत्र मोहम्मद रिजवान बताया। दोनों आरोपी लखनऊ के मड़ियागंज थाना क्षेत्र के छपजाली के निवासी हैं। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। गुस्साए लोगों ने पहले दोनों की पिटाई की। बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद मोहल्ले में देर रात तक हलचल बनी रही। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि जांच आशुतोष कुमार सिंह को सौंपी गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं वे किसी बड़े चोरी गिरोह से जुड़े तो नहीं हैं।

## पेंशन न मिलने से दफ्तरों के चक्कर लगा रहे वृद्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 2024, 2025 और 2026 में स्वीकृत वृद्धा पेंशन के लाखों फॉर्म है, लेकिन अब तक वृद्ध ऑफिसों के चक्कर लगा रहे है। लेकिन अब तक पेंशन खातों में नही आ पाई है।

संतोष शर्मा का कहना है कि प्रदेश सरकार ने सभी 2024 से स्वीकृत वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों से परिवार रजिस्टर की नकल मांगी है। तीन वर्षों से वृद्ध समाज कल्याण विभाग ऑफिस के चक्कर लगाते लगाते थक गए है। अब सरकार पुनः वृद्धा पेंशन स्वीकृति के लाभार्थियों को ग्राम पंचायत अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर कर रही है। जबकि परिवार रजिस्टर में पूरे परिवार के आधार लगाए जा चुके है। कहा कि गरीब, मजदूर बेवा वृद्ध विकलांग, भाजपा की नीतियों से काफी परेशान हैं, जिससे गरीब मजदूरों को दूसरा कोई रास्ता दिखाई नहीं पड़ता है।

## गोला चीनी मिल दे रही उन्नतशील प्रजाति का बीज

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● गांवों में गोष्ठियां कर किसानों को किया जा रहा जागरूक

**अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल के अधिकारियों ने गुरुवार को गोला क्षेत्र के गांव पड़सर में कृषक गोष्ठी आयोजित की, जिसमें किसानों को उन्नतशील प्रजातियों का गन्ना बोने के लिए प्रेरित किया।

मूड़ा निजाम, सहजनियां आदि गांवों के किसानों से वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने व उससे अधिक पैदावार प्राप्त करने के तरीके बताए। कहा कि चीनी मिल द्वारा कोलख० 14201 एवं को० 0118, 15023 का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही हरियाणा 119, कोशा० 91269 एवं पीबी०95 आदि अनामित व अस्वीकृत प्रजातियों की बुआई कदापि न करने की सलाह दी। भूमि उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके प्रयोग से मृदा में उपस्थित हानिकारक फफूंद नष्ट हो जाते हैं तथा जमीन भुरभुरी हो जाती है। गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीके कपिल ने बसंतकालीन गन्ना बुआई में कृषकों को गन्ना प्रजाति को० 0238 रेडरॉट रोग से गंभीर रूप से ग्रसित हो जाने के कारण इसकी बुआई में विशेष सावधानी बरतने तथा उन्नतिशील गन्ना प्रजातियां को० 0118, 15023 एवं कोलख० 14201 तथा निचले क्षेत्र के लिए को० 98014 व कोलख० 94184 की बुवाई करने की सलाह दी। गन्ना समिति के सचिव बलवन्त चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। संचालन सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओडी शर्मा ने किया। गोष्ठी में मिल के संजीव चौधरी, आशीष कुमार प्रगतिशील कृषक महेंद्र सिंह, विपिन सिंह, अंकित सिंह, मोहित, प्रदीप सिंह, संजय सिंह बब्लू सिंह, श्याम सुंदर वर्मा, अयोध्या प्रसाद दीक्षित, संजय सिंह सहित मिल व समिति के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर का किया शुभारंभ

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** विकासखंड बिजुआ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा के तहत स्थापित रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती ने सेंटर का शुभारंभ किया। विशेष शिक्षक सुबोध कुमार मिश्र और कमलेश ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक बिजुआ के दिव्यांग नेत्रहीन छात्र दीपक कटियार ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। कार्यक्रम जिला समन्वयक समेकित शिक्षा माला श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी, प्रधानाध्यापक धर्मेश कुमार, सहायक अध्यापक अनुराग शर्मा, पूर्व प्रधानाध्यापक मातादीन राजवंशी, डॉ. अनुपमा मिश्रा, शकील अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री से मिले विधायक विकास कार्यों पर की चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** विधायक अमन गिरि ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के विकास कार्यों, मंदिर कॉरिडोर और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कंधरापुर-काकरघाट पुल को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि कंधरापुर-काकरघाट पुल लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रहा है। इसके निर्माण से आवागमन सुगम होगा और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए पहली 30 करोड़ रुपये की किश्त जारी होने और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने पर भी मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही परियोजना की प्रगति से भी अवगत कराया। विधायकने छोटी काशी में निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर समेत अन्य विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आश्वासन दिया कि संबंधित परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर जनता को जल्द लाभ पहुंचाया जाएगा।



### मदरसा का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट, मेधावी हुए पुरस्कृत

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा रोड स्थित मदरसा मिफ्ताहुल-उलूम का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 40 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। कक्षा आठ के छात्र रोहित कुमार ने टॉप किया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत महंगापुर के प्रधान एवं समाजसेवी गुरमीत सिंह ने उन्हें ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जूनियर कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र, मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए। समाजसेवी विश्वकांत त्रिपाठी ने भी बच्चों को सम्मानित किया। म्यूजिकल चेयर में श्रद्धा प्रथम, शिल्पी द्वितीय व कमल तृतीय रहे। स्पून रेस में असहद प्रथम, इकरा द्वितीय व हाशिम अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। पिरामिड गेम में विवेक प्रथम, दिवांशु द्वितीय व खुर्शीद तृतीय रहे। मोती कलेक्शन में दिव्यांशु प्रथम, शिव द्वितीय व उमेर तृतीय रहे।



### रजत कनौजिया असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज से वर्ष 2017 में इंटरमीडिएट पास आउट पूर्व छात्र रजत कनौजिया ने यूपीपीसीएस परीक्षा 2024 में कामर्शियल टैक्स अधिकारी पद पर चयनित होकर अपने विद्यालय, नगर तथा अपने माता पिता को गौरवान्वित किया है। वर्तमान समय में रजत कनौजिया नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से इतिहास में पीएचडी कर रहे हैं। रजत कनौजिया ने विद्यालय के सभागार में इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए मागदर्शन कर कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य साधकर कोई भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी एवं प्रबन्ध समिति सदस्य राकेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMC BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# यह कलयुग है पार्थ यहां रिश्ते भी परखे जाते हैं

## चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर बाल कवियों ने काव्य सम्मेलन में बिखेरे विभिन्न विधाओं के रंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर अतिथियों के साथ पुरस्कृत बाल कवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के पांचवे दिन सांस्कृतिक मंच पर बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप्र महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद साहित्यकार श्रीकांत तिवारी, विशिष्ट अतिथि सरस्वती विद्या निकेतन की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी, पत्रकार लोकेश गुप्ता आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार शाम बाल कवियों ने विभिन्न विधाओं के रंग बिखरकर दर्शकों की तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने कहा कि चैती मेला अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पौराणिक मान्यताओं के साथ मनाया जा रहा है, जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष का योगदान सराहनीय है।

बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ कौस्तुभ त्रिपाठी ने वीर रस बिखेरा- तलवार धनुष और पैदल सैनिक, कुरुक्षेत्र में खड़े हुए, रक्त पिपासू महारथी एक दूजे सम्मुख अड़े हुए। अंशिका देवी ने पिता पर कुछ यूं कहा- जो रो नहीं पाता है, परंतु दुख उसे भी होता है वो पिता है। अक्षत अरविंद ने कलम पर सुनाया- कलम हमारी सबे प्यारी सब कलमों से लगती न्यारी सिमरन अंसारी ने मां की महिमा बताई- जिसने हमको जन्म दिया है, इस धरती को धन्य किया है।

नव्या गुप्ता ने- हर बात समझाने वाला इंसान होता है पिता, तमाम मुसीबतों को लेकर उनसे लड़ने वाला इंसान होता है पिता। आदर्श राठौर ने चलो हंसने की कोई हम वजह ढूंढते हैं, जिधर न हो कोई गम वे जगह ढूंढते हैं।स्वाती वंदनी ने क्षेत्रीय गन्ना किसान का दर्द बयां किया- आज किसान की हालत इतनी बदतर न होती, अगर मील पेमेंट जल्दी-जल्दी देती। जयंत श्रीवास्तव ने ये वो रास्ते है जिन पर मैं ठोकर खाया, ये वो रास्ते है जिन पर मैं सस्ताया। सनाया चौधरी- कहने को नारी पूरी थी पर शिक्षा बिना अधूरी थी। दिव्यांशी चौधरी ने-स्कूल के पहले दिन रोते हुए आते हैं, कुछ दिन रोकर नए दोस्त बनाते हैं। आराध्या मिश्रा-वह सन्नाटा हारा था सरहदों पर जो न छाया था कल। क्या बीता होगा उन सैनिकों पर जब उन पर हमला हुआ अटल।

मयंक शर्मा-बहरों को फरियाद सुनाना अच्छा है पर कभी कभी, अंधों को दर्पण दिखलाना अच्छा है पर कभी कभी। समर्थ श्रीवास्तव- संघर्ष में भला कब कौन साथ होता है जो लड़ा खुद अकेले लड़ा होता है। नव्या वर्मा-यह कलयुग है पार्थ यहां रिश्ते भी परखे जाते हैं, लाभ हो तो अपने वरना सब अनजाने बन जाते हैं।

सार्थक गुप्ता- बिना तेल का बिन बाती का, दिन भर एक दीया जलता है, और दीप बुझने से पहले, पश्चिम में जाकर ढलता है। इला मिश्रा ने- हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सब कहते थे हम भाई-भाई एक ही धरी एक ही अरमान। जेबा बरकाती ने जो तेरा बीता हुआ कल है उसे याद न कर तू जो आने वाला कल है उसे बेहतर कर तू।

### सम्मेलन में इन्होंने भी किया काव्य पाठ

बाल कवि सम्मेलन में सृष्टी मिश्रा, दिव्याश वर्मा, अनन्य मिश्रा, अर्पिता कश्यप, पुश्कर राठौर, आर्यन वर्मा, अमोल शुक्ला, काव्या सक्सेना, गुरलीन कौर, अलमलक एमन, उन्नति गुप्ता, अपेक्षा राकेश, आराध्या शुक्ला, सौम्या पटेल, अरिस नोमान, साक्षी वर्मा, शाम्भवी वर्मा, अंशी, प्रिया मिश्रा, निमृत चौधरी अर्पित गुप्ता, सौन्या सिरोही, आर्यमान दीक्षित ने भी विभिन्न विधाओं में काव्यपाठ किया।

**चैती मेला में आज :** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 3 अप्रैल को जूनियर गायन और नृत्य सायं सात बजे से।

# निघासन में धधक रहा अवैध शराब का काला कारोबार

अमृत विचार अभियान

- महिलाएं भी बनीं शराब माफिया का हिस्सा, युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद
- कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, नहीं जागे जिम्मेदार

संवाददाता, निघासन


छापेमारी का सिर्फ ड्रामा, धंधा जस का तस

अमृत विचार में छपी खबर का पीडीएफ।

**अमृत विचारः** क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार अब खुलेआम कानून को चुनौती देता नजर आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह धंधा रुकने के बजाय लगातार और तेजी से फैलता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। नतीजा निघासन और आसपास के थाना क्षेत्रों के गांवों में नशे का जाल गहराता जा रहा है।

रकेहटी, निघासन, सिंगाही और सिसैया जैसे इलाकों में चिप्पड़ के साथ अवैध शराब खुलेआम बेची जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस अवैध धंधे में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और कई जगहों पर तो पूरा नेटवर्क ही उनके हाथों में संचालित हो रहा है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि इस कारोबार का शिकार हो रहा है युवा वर्ग। कम उम्र के लड़के चिप्पड़ और जानलेवा होने वाली अवैध शराब के आदी बनते जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकार में डूबता जा रहा है। गांव-गांव में नशे की लत तेजी से फैल रही है, लेकिन रोकथाम के नाम पर सिर्फ दिखावटी कार्रवाई हो रही है। सूत्रों ने बताया कि नेपाल बॉर्डर से सटे कई गांवों में अवैध शराब आसानी से पहुंचाई जा रही है। यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

लहन नष्ट करने के नाम पर भी महज औपचारिकता निभाई जा रही है। कागजों में कार्रवाई दिखाकर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जहां अवैध शराब की भट्टियां आज भी धधक रही हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक यह अवैध कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा? क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है, या फिर इस काले खेल पर सच में लगाम लगाने की कोई ठोस रणनीति भी बनेगी।

# कमजोर छात्रों को मिलेगा सहारा स्कूलों में शुरू होंगी अतिरिक्त क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- शिक्षा विभाग की नई पहल, अब पढ़ाई में पीछे रहने वाले छात्रों पर खास फोकस
- शिक्षा विभाग के निर्देश पर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में तैयार की जा रही सूची

**अमृत विचारः** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही जिले के स्कूलों ने पढ़ाई में कमजोर छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष पहल शुरू कर दी है। अब केवल नियमित कक्षाओं के भरोसे रहने के बजाय ऐसे विद्यार्थियों के लिए अलग से अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे भी बाकी छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें।

शिक्षा विभाग के निर्देश पर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में कमजोर छात्रों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूची तैयार होने के बाद इन छात्रों के लिए अलग से विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिसमें उन्हें विषयों की गहराई से समझ विकसित कराई जाएगी।

कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान जैसे विषयों में अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हर कक्षा में ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जाएगा जिन्हें विषय समझने में कठिनाई होती है। इन छात्रों को अलग समय देकर पढ़ाया जाएगा, जिससे उनकी कमजोरियां दूर की जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के लिए शिक्षकों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है और वे स्कूल समय के अतिरिक्त भी बच्चों को पढ़ाएंगे। योजना के तहत प्रत्येक कक्षा से करीब 25 प्रतिशत छात्रों को शामिल किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र पढ़ाई में पीछे न रह जाए और सभी को समान अवसर मिल सके।

# परीक्षा परिणाम में चमके नन्हे सितारे

**सिंगाही, अमृत विचारः** कस्बा बेलरायां के प्राथमिक विद्यालय तकिया पुरवा में परीक्षा परिणाम घोषित होने से छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलकने लगी।

प्रधानाचार्य रजनीश वर्मा ने बताया कि पूरे वर्ष शिक्षकों ने समर्पण और मेहनत के साथ बच्चों को शिक्षित किया, जिसका सकारात्मक परिणाम परीक्षा में देखने को मिला।

उन्होंने कहा कि अनुशासन, लगन और टीमवर्क से ही यह सफलता संभव हो पाई है। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अच्छन लाल, प्रधानाचार्य रजनीश वर्मा, सहायक अध्यापक मिट्ठठन लाल, कैलाश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# शिवपुरी स्कूल में पुस्तकें की वितरित, नन्हे चेहरों पर मुस्कान

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** विकास क्षेत्र बिजुआ के प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में बृहस्पतिवार को बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक भूपेंद्र प्रताप ने बच्चों को पुस्तकों के महत्व के बारे में बताया और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ही ज्ञान का सबसे बड़ा माध्यम हैं, जिनके जरिए बच्चे अपने भविष्य को संवार सकते हैं। पुस्तक वितरण के दौरान बच्चों ने अनुशासन के साथ कतार में लगकर अपनी अपनी किताबें प्राप्त कर खुशी जाहिर की। इस पहल से न केवल बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी, बल्कि शिक्षा का स्तर भी मजबूत होगा। विद्यालय स्टाफ ने सभी बच्चों से पुस्तकों का सही उपयोग करने और नियमित पढ़ाई करने की अपील की।



प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में पुस्तकों के साथ बच्चे।

# नगर में बंदरों का आतंक, छह वर्षीय बच्चे पर हमला

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर कालोनी में छत पर खेल रहे मतीन अहमद के 6 वर्षीय पुत्र मुर्शिद पर बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया, जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। बंदरों के हमला करने पर बच्चे की चीख सुनकर परिजनों ने दौड़कर बंदरों से बच्चे को बचाया। नगर में बंदरो का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग व जनप्रतिनिधि बंदरों के आतंक से नगर वासियो को निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास तक करते नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं।



घायल मुर्शिद।

# टहलने निकले युवक पर हमला, बरसाईं ईंटें

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचारः** अर्जुनपुरवा सेठघाट रोड निवासी रितिक गुप्ता बुधवार रात करीब 10:30 बजे खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के ही शिवम श्रीवास्तव उर्फ कोतवाली ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने रितिक को जमीन पर गिरा दिया और जांघ में दांत से काट लिया, जिससे गंभीर घाव हो गया। इसके बाद आरोपी ने ईंट उठाकर रितिक पर हमला कर दिया और लगातार मारपीट करता रहा। शोर सुनकर जब भाई मयूरेश पहुंचा तो आरोपी घर की छत से ईंटें फेंक कर हमला करने लगा। अन्य सदस्य भी घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# रानी लक्ष्मीबाई में सफलता का महाकुंभ

- 99.77 प्रतिशत परीक्षाफल के साथ शहाबुद्दीनपुर के मेधावियों ने रचा नया कीर्तिमान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



शहाबुद्दीपुर कॉलेज में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज ने सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षाफल में 99.77 प्रतिशत की अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता का लोहा मनवाया है। विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह अत्यंत भव्यता एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुशील कुमार ने छात्राओं के भीतर ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि शिक्षा केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि चरित्र का निर्माण और इच्छा शक्ति का विकास है। आपकी मेहनत ही वह चाबी है जो सफलता के बंद दरवाजों को खोलती है। प्रबंधक संजय वर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के कालजयी संदेश से छात्राओं को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली शस्त्र है, जिससे आप दुनिया को बदलने का साहस रख सकते हैं। परीक्षाफल आत्ममूल्यांकन का माध्यम है, इससे प्रेरणा लेकर निरंतर सुधार करें। समारोह में विशिष्ट अतिथि कुम्भी चीनी मिल के जीएम चन्द्रहास एवं एलपीएस के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने इंग्लिश मीडियम रूद्रांशी मिश्रा प्रथम, अनवी गुप्ता द्वितीय, आर्यन मिश्रा तृतीय और मनकीरत कौर सहित प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# बाल धर्म ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागी पुरस्कृत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



धुमराडीह गांव में बाल धर्म ज्ञान परीक्षा के पुरस्कृत विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- कुम्भी के गांव धुमराडीह में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

**अमृत विचार :** ब्लॉक कुम्भी के गांव धुमराडीह में भदौरिया कृषि फार्म पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर हुई बाल धर्म ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

श्रीराम कथा के समापन पर हुई बाल धर्म ज्ञान परीक्षा में संयोजक विनीत भदौरिया ने प्रतिभागियों को परीक्षा में शाब्दिका सिंह प्रथम, अमिताभ सिंह द्वितीय और काव्या सिंह को तृतीय स्थान मिलने पर पटका, प्रसाद, पेन और देवी, देवताओं के चित्र देकर सम्मानित किया। कथा वाचक पंडित केशवराम शुक्ला ने सात दिन श्रीराम कथा सुनाई। आयोजको ने उनका माल्यार्पण, अंगवस्त्र, दक्षिण देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना, विपिन मिश्रा, कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद के डीन डॉ. अनिल कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह भदौरिया, पुतान सिंह, श्याम सिंह, जगपाल सिंह, बरन सिंह, धर्म सिंह, आनंद सिंह, अनिरुद्ध सिंह, फूल सिंह, अंबर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह आदि मौजूद रहे। कृष्णा सिंह भदौरिया, गीता सिंह भदौरिया ने कथा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का आत्मीय आभार व्यक्त किया।

# मारपीट में सात नामजद, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी धर्मवीर ने बताया कि मंगलवार की शाम आठ बजे गांव के काशीराम, जगमोहन, मोनू निवासी गोपालापुर एक राय होकर उनसे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर शराब के नशे में मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरी घटना में कोतवाली क्षेत्र के गांव अढ़ौला निवासी भारत प्रसाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 30 मार्च सोमवार को वह अपने खेत पर गन्ना बुआई के लिए गांव के ही रामसिंह पुत्र अर्जुन लाल को मजदूरी पर ले गए थे। वह आधी मजदूरी करके खेत से चले आये थे और मजदूरी पूरे दिन की मांग रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने गाली गलौज करते हुए अपने भाई भीम सिंह, सतीश सिंह, बहनोई दीन दयाल निवासी राजगढ़ के साथ उन पर हमला कर उन्हें और उनके ससुर रामासरे को घायल कर दिया। उन्होंने चारों के नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## सिटी डायरी



### सौठन स्कूल में बच्चों को किया गया सम्मानित

**बिझौली, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सौठन के संविलियन विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए और मेधावी बच्चों को मेडल और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा और विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह और समर्पण की सराहना कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्राम प्रधान अरविंद वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, अभिषेक अवस्थी, प्रधानाचार्य सुनीता श्रीवास्तव, सहायक प्रधानाचार्य मधु वर्मा, अध्यापिका प्रिया सोनी, दीपा, मीना तिवारी, शिक्षामित्र और रसोईया सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।




### परीक्षा फल वितरण व विदाई समारोह सम्पन्न

**सिंगाही, अमृत विचार :** संविदा विद्यालय भैरमपुर में विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। फेयरवेल सेरेमनी में दिव्यांश यादव को मिस्टर फेयरवेल और दिव्या यादव को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सत्यभान ने किया। इस दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक ज्ञान चंद, सहायक अध्यापक रजनीश वर्मा, मोना, श्रवण कुमार, अनुज राज, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना वर्मा, सुश्री रुचि सिंह, श्रीमती चुन्नी देवी सहित कई लोग मौजूद रहे। सहायक अध्यापक रजनीश वर्मा ने कहा कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं।



### वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**गोला गोकर्णनाथ।** खुटार रोड स्थित सुभाष शिक्षा सदन दतेली में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधक रामकुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं बल्कि यह स्वयं को समझने और आगे सुधार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत अनुशासन व अच्छी सोच के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य संतोष वर्मा एवं मुख्य अतिथि गोविंद सहाय वर्मा ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं लकी, मीनाक्षी, अगम, सहरीन, गौसिया, आस्था, साईबा, खदीजा, प्रशांत, अनन्या को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन आकाश पांडेय ने किया।



### स्कूल चलो अभियान चलाकर स्कूल जाने को किया प्रेरित

**बांकेगंज ,अमृत विचार :** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र, बाकेगंज पर गुरुवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकाली गई रैली में उच्च प्राथमिक और प्राथमिक स्तर के बच्चों ने भाग लिया। बच्चे हाथ में शिक्षा के महत्व को दर्शाने वाली पट्टियां लिए हुए थे तथा नारे लगाते हुए सभी बच्चों को स्कूल भेजने का संदेश दिया। ढोल और नगाड़े की आवाज जन मानस को रैली की तरफ आकर्षित होने के लिए बाध्य कर रही थी। स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने भी इस रैली का समर्थन किया। स्कूल चलो अभियान की रैली बांकेगंज कस्बे के चक्कर लगाती हुई विकास खंड मुख्यालय होकर पुन: ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। रैली में शिक्षक सुनील कुमार, प्रेरणा, संदीप, सरिता, शुभी, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, सहायक लेखाकार दिनेश कुमार शर्मा, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शामिल रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### अज्ञात कारणों के चलते फंदे पर झूला युवक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कमलापुर निवासी राजकुमार के बेटे अमन(35) ने बुधवार की रात अज्ञात कारणों के चलते फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस जांच कर रही है।

### खेत में सर्पदंश से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव रानीपुरवा निवासी गौरी शंकर का बेटा ज्ञान प्रसाद(20) बुधवार की दोपहर गन्ने के खेत में काम कर रहा था। बताते हैं इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। परिजन उसे धौरहरा सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ईको की टक्कर से दंपती और पुत्र घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ईको की टक्कर से बाइक सवार दंपति और उनका पुत्र घायल हो गया। हादसा गुरुवार शाम को हुआ। ग्राम दौलतपुर हीरा निवासी मोहम्मद आलम अपनी पत्नी हिना के साथ बाइक से पीलीभीत गए थे। वापस लौटते वक्त ग्राम दिवाली के पास पहुंचते ही ईको ने टक्कर मार दी। हादसे में मोहम्मद आलम, हिना और डेढ़ वर्षीय पुत्र दानिश घायल हो गए। सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पुलिस ने पकड़ा तस्कर, भेजा जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना हजारा क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.07 ग्राम स्मैक और 590 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को ग्राम अशोक नगर सुतिया पुलिया के पास से वाहनों की चेकिंग के दौरान पकड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुखराज सिंह उर्फ सुक्खा निवासी सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज थाना हजारा बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अन्य जनपदों से स्मैक लाकर यहां बिक्री करता है। बरामदगी के आधार पर थाना हजारा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# एक बाइक पर तीन जान...उजड़े तीन घर

## मेरठ में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल, हर दरवाजे पर सन्नाटा



मेरठ अस्पताल में मौजूद परिजन व पुलिस। ● अमृत विचार



गांव में मृतकों के घर पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** टांडा बथुआ गांव में हर गली, हर दरवाजे पर सन्नाटा पसरा है। कल तक जिन घरों में बच्चों की हंसी गूंजती थी, आज वहां सिर्फ सिसकियां सुनाई दे रही हैं। वजह मेरठ की एक रात और एक ऐसा सड़क हादसा, जिसने तीन परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। हादसे में मारे गए अरशद के कंधों पर घर की जिम्मेदारियों का बोझ था। पत्नी मुनीषा और चार मासूम बच्चों के लिए रोजी-रोटी की तलाश में वह मेरठ गया था। उसे क्या पता था कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। साथ में थे गांव के ही दो किशोर अलीमुद्दीन (13)



अलीमुद्दीन।



बृजमोहन।

और ब्रज मोहन (16)। दोनों की उम्र खेलने-कूदने की थी, लेकिन हालात ने उन्हें मजदूरी करने पर मजबूर कर दिया। छोटे-छोटे हाथों में किताबों की जगह मेहनत का बोझ था। बुधवार की रात तीनों एक बाइक पर सवार होकर अपने कमरे की ओर लौट रहे थे। शायद थके हुए होंगे, शायद घर की बातें कर रहे होंगे लेकिन किठौर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सब कुछ खत्म कर दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही दो जिंदगियां थम गईं और तीसरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

गांव में जैसे ही यह खबर पहुंची, हर आंख नम हो गई। अरशद के घर का मंजर सबसे ज्यादा दिल तोड़ देने वाला है। पत्नी मुनीषा बेसुध है। वह बार-बार एक ही बात कह रही थी कि अब बच्चों का क्या होगा? चार मासूम बच्चे दरवाजे पर टकटकी लगाए बैठे हैं, मानो अभी उनके अब्बा दरवाजे से अंदर आएंगे। अलीमुद्दीन जो शायद अभी ठीक से दुनिया को समझ भी नहीं पाया था उसकी मौत ने हर किसी को झकझोर दिया। वहीं 16 साल का ब्रज मोहन, जो परिवार का सहारा बनने निकला था, खुद ही हमेशा के लिए चला गया। टांडा बथुआ गांव में बुधवार को चूल्हे ठंडे हैं। आंखें नम हैं और दिलों में एक ही दर्द कि गरीबी ने बच्चों से बचपन छीन लिय और एक हादसे ने उनसे जिंदगी भी। गांव इंतजार कर रहा है लेकिन इस बार वापसी में खुशियां नहीं, सिर्फ जनाजे आएंगे। परिजन मेरठ पहुंच गए हैं। जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव गांव लाए जाएंगे। ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि रुस्तम ने बताया कि तीनों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और वह परिजनों के साथ मेरठ में मौजूद हैं।

### छिन गया परिवारों का सहारा

अरशद अपने पीछे पत्नी मुनीषा और चार बच्चों को छोड़ गए हैं। बृजमोहन तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते उसने कम उम्र में ही मजदूरी का रास्ता अपनाया था। उसकी मौत से परिवार का एकमात्र सहारा छिन गया है। अलीमुद्दीन पिता मुर्शिद के चार बेटों और पांच बेटियों में दूसरे नंबर का था। वह बड़े भाई खुर्शीद के साथ मेरठ में गन्ना छीलने का ठेका लेकर काम करता था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसकी असमय मौत ने सब कुछ छीन लिया। घटना की जानकारी बुधवार आधी रात गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के घरों पर लोगों की भीड़ जुट गई और हर कोई इस हादसे से दुखी था।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से बालक की जान गई

संवाददाता, मैगलगंज

● **रहजनिया बाईपास पर हुआ हादसा, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रहजनिया बाईपास पर गुरुवार को रोडवेज बस ने 10 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रामकुमार का पुत्र अजय सड़क किनारे पैदल जा रहा था। इसी दौरान रहजनिया बाईपास से गुजर रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बालक को तुरंत सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रहजनिया बाईपास पर तेज रफ्तार वाहनों का संचालन आम बात है और यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



घटनास्थल पर खड़ी बस और लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

# दामाद को आत्महत्या के लिए उकसाने में पिता-पुत्री गिरफ्तार

संवाददाता, रोशननगर

● **छह सितंबर 2025 को प्रदीप ने ससुराल में की थी आत्महत्या**

**अमृत विचारः** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव नगरा सलेमपुर में 6 सितंबर 2025 को युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पिता-पुत्री को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

नगरा सलेमपुर में पांच सितंबर को ससुराल में पत्नी को विदा कराने आए सीतापुर थाना महोली के गांव निमचैना निवासी राजकुमार के पुत्र प्रदीप कुमार ने ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर छह सितंबर को गांव नगरा सलेमपुर के बाहर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में पिता राजकुमार ने 12 नवंबर को हैदराबाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि प्रदीप की शादी 13 अप्रैल 2024 को नैन्शी पुत्री पप्पू निवासी नगरा सलेमपुर के साथ हुई थी। प्रदीप पत्नी को विदा करने ससुराल गया, जहां पर ससुर पप्पू, और पत्नी नैन्शी ने प्रदीप कुमार को धमकाने हुए गाली गलौज कर शादी में खर्च हुए रुपयों की मांग करने। प्रदीप कुमार ने आहत, भयभीत होकर धमकाने, शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली थी। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर हैदराबाद थाना अध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने विधिक कार्रवाई करते हुए पप्पू पुत्र रामेश्वर दयाल और नैन्शी पुत्री पप्पू निवासी नगरा सलेमपुर को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

# बाला जी मंदिर में मंगलसूत्र उड़ाया, 5 महिलाएं गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **महिला को चोरों से सावधान करते हुए मंगलसूत्र उतरवा कर बैग में रखवा लिया, सीसीटीवी में कैद**

**अमृत विचारः** शारदानगर क्षेत्र स्थित बालाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच एक ऐसी वारदात सामने आई है, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली तिकुनिया के गांव बरसोला कलां निवासी एक महिला को चोरों से सावधान करते हुए महिला का मंगलसूत्र उतरवा कर बैग में रखवा लिया और चंपत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरनी गैंग का खुलासा करते हुए 5 महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जो सीतापुर जिले के अलग-अलग गांवों की रहने वाली हैं।

गांव बरसोला कलां निवासी पवन कुमार पत्नी प्रियांशी और बहन मंशा के साथ मंगलवार को शारदानगर स्थित बालाजी मंदिर में दर्शन करने आया था। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में भारी भीड़ के बीच जब प्रयासी और उनकी बहन महिलाओं की लाइन में खड़ी थीं, तभी एक अज्ञात महिला उनके पास आई और चालाकी से बातचीत शुरू की। भरोसा दिलाते हुए कहा कि यहां चोरी बहुत होती है, अपना मंगलसूत्र सुरक्षित रख लो। उसकी बातों में आकर प्रियांशी ने अपने गले में पहना करीब तीन पैंडल का सोने का मंगलसूत्र उतारकर बैग में रख लिया। दर्शन करने के बाद जब प्रयासी मंदिर के पीछे पूजा में व्यस्त थीं, उसी दौरान मौका पाकर उक्त महिला और उसकी साथी चुपके से बैग से मंगलसूत्र निकालकर भीड़ में गायब हो गईं। घटना का एहसास होने पर परिवार के होश उड़ गए और मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित परिवार ने तुरंत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें संदिग्ध महिलाएं नजर आईं। पुलिस ने प्रियांशी के पति पवन कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की और फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश की। सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पहचान के बाद चोरी गैंग का खुलासा करते हुए सीतापुर जिले के थाना रामपुर कलां निवासी शैलकुमारी पत्नी कपिल उर्फ राजकुमार, रेखा उर्फ संध्या पत्नी भानू उर्फ उमेश कादीपुर सरैय्या निवासी फुर्तीला उर्फ कमला देवी, भगवंतपुर निवासी रूबी हाल पता कब्रिस्तान के पास कस्बा व थाना मानपुर जिला सीतापुर और मोहिनी पत्नी श्यामू पासी निवासी भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी किया गया मंगलसूत्र भी बरामद किया है।



गिरफ्तार की गई महिलाओं के बारे में जानकारी देते सीओ सिटी विवेक तिवारी।

### कई जनपदों में दर्ज हैं मुकदमे

गिरफ्तार महिलाओं के खिलाफ लखनऊ, सीतापुर, हरदोई आदि जनपदों मे चोरी व गैंगेस्टर से सम्बन्धित कई मुकदमे पंजीकृत हैं। सीओ सिटी ने बताया कि आरोपी शैल कुमारी, रूबी के खिलाफ 07, रेखा, मोहनी के खिलाफ तीन चोरी, लूट, गैंगस्टर समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

# पैन कार्ड बनवाना हुआ सख्त, अब सिर्फ आधार से नहीं बनेगा काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **नए वित्तीय वर्ष के साथ कई नियमों में बदलाव लागू**

**अमृत विचारः** नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही आम लोगों से जुड़े कई नियमों में बदलाव लागू हो गए हैं। इन्हीं बदलावों के बीच पैन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को भी अधिक सख्त और पारदर्शी बना दिया गया है।

अब तक जहां केवल आधार कार्ड के जरिए आसानी से पैन बन जाता था, वहीं अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है और अतिरिक्त दस्तावेज देना अनिवार्य कर दिया गया है।

नए नियमों के अनुसार अब पैन कार्ड के लिए आवेदन करते समय आधार के साथ एक अलग पहचान या जन्मतिथि से जुड़ा प्रमाण देना जरूरी होगा। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या 10वीं की मार्कशीट जैसे दस्तावेज शामिल किए गए हैं। जानकारों के मुताबिक पहले आधार कार्ड को ही पहचान और जन्मतिथि दोनों के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाता था, लेकिन अब सरकार ने सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए अलग-अलग दस्तावेज अनिवार्य कर दिए हैं। इसके अलावा नए नियमों के तहत पैन आवेदन के लिए नए फॉर्म भी लागू किए जा रहे हैं, जिससे प्रक्रिया में बदलाव आएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य फर्जी और डुप्लीकेट पैन कार्ड पर रोक लगाना और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना है।

हालांकि इससे आम लोगों को अब पैन बनवाने में पहले के मुकाबले थोड़ी अधिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। कर सलाहकारों का कहना है कि जो लोग नया पैन कार्ड बनवाने की योजना बना रहे हैं, तो आवेदन करते समय जरूरी दस्तावेज तैयार रखें।

# डॉक्टर पर बिना ऑपरेशन किए रुपये वसूलने का आरोप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** नगर के नवीन बाईपास स्थित निजी अस्पताल के डॉक्टर पर बिना ऑपरेशन किये 35 हजार रुपये वसूलने और संचालक द्वारा अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया है।

क्षेत्र के बजरखा गांव निवासी पिंटू ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी पुत्री के ऑपरेशन के लिए उसे नवीन बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि ऑपरेशन के नाम पर उनसे 35000 हजार रुपए ले लिए गए, जब उनकी पुत्री की तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो उसे लखीमपुर के अन्य डॉक्टर को दिखाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि मरीज का कोई ऑपरेशन हुआ ही नहीं है। पिंटू अपने साथी विक्रांत गिरि के साथ दोबारा अस्पताल पहुंचे लेकिन उन्हें अस्पताल में कोई डॉक्टर मौके पर नहीं मिला। फोन पर बात करने के दौरान संचालक ने उनसे अभद्रता की।

परिवार वालों ने कार्रवाई की मांग की है। इस मामले से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक गणेश कुमार ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

# सब्जी के भाव को लेकर विवाद में मारपीट, दो घायल

● **सब्जी विक्रेता के दामाद के सिर पर बांट से प्रहार**

**भानपुर, अमृत विचारः** थाना व कस्बा भीरा में सब्जी के भाव को लेकर विवाद मारपीट में बदल गया। आरोपियों ने सब्जी बेच रही महिला के साथ मारपीट और गाली गलौज की, जिसका उसके दामाद ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर सिर पर बांट से प्रहार कर दिया। अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

भीरा के वार्ड नंबर 04 निवासी सुधा देवी ने बताया कि वह वार्ड में ही सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। आरोप है कि बुधवार को उनकी दुकान पर विकास पुत्र करोणी प्रजापति सब्जी खरीदने आया था।

रेट और लेनदेन को लेकर विवाद होने लगा और गाली गलौज होने लगी। उन्होंने गाली देने से मना किया। इसी बीच विकास ने अपने भाई विजय के साथ मिलकर मौके पर मौजूद उसके दामाद गांव बीबीपुर निवासी धर्मेश की पिटाई कर दी और दुकान में रखे बांच उठाकर सिर पर मार दिया, जिससे धर्मेश का सिर फूट गया और वह खून से लथपथ होकर गिर गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल धर्मेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# अंजुमन इस्लामिया ने रुकवाया नगर में टंकी निर्माण का काम

संवाददाता, खीरी टाउन

● **नगर पंचायत पर गलत तरीके से सरकारी जमीन बताकर अनुमति देने का आरोप**

**अमृत विचारः** नगर पंचायत खीरी में जमीन को सरकारी बताते हुए जल विभाग को पानी की टंकी निर्माण की अनुमति दे दी गई। जब विभाग ने मौके पर खुदाई का कार्य शुरू किया गया तो चर्चा का विषय बन गया और मामला तूल पकड़ गया। जानकारी मिलते ही कस्बे की अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को तुरंत रुकवा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त जमीन निजी स्वामित्व की है, जिसे गलत तरीके से सरकारी दिखाकर यह कार्रवाई की गई।

अंजुमन इस्लामिया के वरिष्ठ नायब सदर डॉ. मतलूब अहमद ने बताया कि करीब 40 वर्ष पूर्व गाटा संख्या 127 की जमीन, जो ईदगाह मार्ग पर स्कूल से सटी हुई है, रघुनंदन प्रसाद से खरीदी गई थी। यह जमीन गुरखेत ताजिया अंजुमन इस्लामिया के सैय्यद मुईन अहमद पुत्र सैय्यद मजीद अहमद के नाम दर्ज है और इसके अभिलेख भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष इसे सरकारी जमीन बताकर जल विभाग को टंकी निर्माण की अनुमति दे दी गई, जिसके चलते विभाग ने खुदाई कार्य शुरू कर दिया था। हालांकि विरोध के बाद फिलहाल काम रोक दिया गया है। नगर पंचायत के अधिकारी इस पर अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। इस मामले को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोगों में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विवादित जमीन के स्वामित्व की जांच कर क्या कार्रवाई करता है।

# भीषण आग, आठ घर जलकर राख

संवाददाता, ईसानगर

**अमृत विचारः** ईसानगर थाना क्षेत्र के खजुहा गांव में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक लगी भीषण आग ने देखते ही देखते तबाही मचा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि एक के बाद एक आठ घर इसकी चपेट में आ गए और कुछ ही देर में सबकुछ जलकर राख हो गया।

बताया जाता है कि आग की शुरुआत शिवाधार के घर से हुई। उस समय घर में बंधी भैंस भी आग की लपटों में घिर गई। भैंस को बचाने के प्रयास में पशुपालक शिवाधार खुद भी गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सीएचसी ईसानगर भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पड़ोसी अनुरुद्ध, गोबर्धन, शारदा देवी पत्नी रामादल, छत्रपाल, अरविंद, हरिशंकर और गुड्डू के घर भी इसकी चपेट में आ गए। कुल आठ घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए, जिससे परिवारों का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल की गाड़ी काफी देर से मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया।

घटना के समय थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लिया। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं।



मौके पर लगी भीड़ और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

● **खजुहा में भैंस को बचाते समय किसान झुलसा**

● **दमकल की देरी पर ग्रामीणों में फैला आक्रोश**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**M. S. Vidya Mandir**
09 Gopal Nagar, Sanjay Nagar, Bareilly
Required
Trained Female Teacher for Primary Classes
(B.Ed., B.T.C.)
Nursery to 8th Classes
Contact :
9411007501, 8077232373

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री अंशिका वर्मा पुत्री स्व. कमल किशोर वर्मा (पत्नी अभय प्रताप सिंह उर्फ सत्यम) को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता नहीं होगा। **नीलम वर्मा पत्नी स्व. कमल किशोर वर्मा निवासी 1571, सुभाष नगर, तिलक कलोनी, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम MOHIT KUMAR AGARWAL है जो कि सही है। किन्तु मुझे MOHIT AGARWAL के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य में मैं अपना नाम MOHIT KUMAR AGARWAL ही प्रयोग करना चाहता हूं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहित कुमार अग्रवाल पुत्र देवी प्रसाद अग्रवाल निवासी 181/1, हर्षी बंगला सिविल लाइन लखीमपुर खीरी**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी रोहली टोला पुराना शहर बरेली स्थित मकान की तन्हा मालिक काबिज हूँ। मेरे अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति उक्त मकान का क्रय-विक्रय करता है। तो वह कतई नाजायत है। उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कु. अन्जुम आरा पुत्री स्व. फजल हुसैन निवासी 663, पुराना शहर, रोहली टोला, बरेली। मो. 9760728742**

**सूचना**
मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का हाईस्कूल प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 1060992 तथा प्रमाणपत्र संख्या 31011880 वर्ष 2010 जो वास्तव में कहीं खो गया है। **अजीत कुमार पुत्र गोवर्धन लाल ग्राम रायपुर पोस्ट रायपुर घुँसी थाना नीमगांव जिला खीरी लखीमपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम में विभिन्न अभिलेखों में अंतर है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अश्वनी कुमार गुप्ता अंकित है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अश्वनी गुप्ता अंकित है। दोनों नाम अश्वनी कुमार गुप्ता एवं अश्वनी गुप्ता एक ही व्यक्ति के नाम हैं और दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है। मेरा सही एवं प्रचलित नाम अश्वनी गुप्ता है। **अश्वनी गुप्ता पुत्र श्री पंकज कुमार गुप्ता निवासी पंजाबी कॉलोनी, गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने अपने छोटे पुत्र रमेश उर्फ राजू व पुत्रवधू सुनीता के गलत आचरण व दुर्व्यहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वे अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **सोमवती पत्नी स्व. कल्याण सिंह, निवासी- वार्ड नं-2, मोहल्ला नई बस्ती, रिठौरा, थाना हाफिजगंज, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

